सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के०पी० सिंह देव) : (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा-पटल पर रख दी जाएगी।

सरकारी मीडिया की विश्वसनीयता को क्षति पहुंचना

4042. **श्री सुशील कुमार संभाजीराव शिंदे** : क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि आम जनता में सरकारी मीडिया की विश्वसनीयता के संबंध में आशंका बढ़ती जा रही है ;

(ख) उसके क्या कारण

(ग) क्या यह सच है कि आम जनता का विदेशी मीडिया पर विश्वास है किन्तु भारतीय मीडिया पर विश्वास नहीं है;

हां, तो उसके क्या कारण हैं; और

(ङ) सरकार जनता में सरकारी मीडिया की विश्वसनीयता को स्थापित करने के लिए उसके कार्यकरण में क्या सुधार करने का विचार रखती है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के० पी० सिंह देव) : (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) जी, नहीं।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

(ङ) आकाशवाणी और दूरदर्शन अपने कार्यक्रमों के विषय-वस्तु तथा आकार में गुणात्मक तथा मात्रात्मक सुधार लाने के लिए सतत् रूप से प्रयास कर रहे हैं।

अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन

4043. **डा० बापू कालदाते** :
श्री विश्वासराव रामराव पाटिल :

क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि महाराष्ट्र में सतारा में 12 से 16 फरवरी तक अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन का आयोजन किया गया था ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि दूरदर्शन ने अपने राष्ट्रीय प्रसारण में सम्मेलन के कार्यक्रमों के संबंध में कोई समाचार प्रसारित नहीं किया ?

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण

(घ) क्या सरकार सम्मेलन के संबंध में बाद में कोई कार्यक्रम प्रसारित करने का विचार रखती है; और

(ङ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के० पी० सिंह देव) : (क) और (ख) जी, हां।

(ग) सम्मेलन से संबंधित कार्यक्रमों को दूरदर्शन केन्द्र, बम्बई के प्राइमरी चैनल पर 11, 21 और 22 फरवरी, 1993 को प्रसारित किया गया था।

(घ) और (ङ) प्रश्न नहीं उठते।

Clearance of serials by Doordarshan

4044. SHRI KRISHAN LAL SHARMA: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) what is the total number of T.V. serials kept pending by Doordarshan authorities at present;